इलाहाबाद बैंक
(भारत सरकार का उपक्रम)
प्रधान कार्यालय: 2, एन.एस. रोड, कोलकाता – 700 001.
वेबसाइट: www.allahabadbank.in

विज्ञापन सं. :भर्ती/**2019-20/03** संपर्क सं.. **033-2231 4630, फैक्स: 033-2230 8442**

विशेषज्ञ अधिकारी भर्ती परियोजन 2019-20

1. इलाहाबाद बैंक विभिन्न विशेषज्ञ क्षेत्रों में **92 विशेषज्ञ अधिकारियों (14 कप्रग्रे स्केल-I में और 78 मप्रग्रे स्केल II में)** की भर्ती हेतु **ऑनलाइन** आवेदन आमंत्रित करता है। अभ्यर्थियों से अपेक्षित है कि वे बैंक की वेबसाइट www.allahabadbank.in (जहां पूर्ण विज्ञापन उपलब्ध है) के माध्यम से आवेदन करें।
2. संभावित प्रक्रिया की सूची निम्नानुसार है:

प्रक्रिया	**महत्वपूर्ण तिथियां**
आयु/अर्हता/कार्यानुभव की प्रासंगिक तिथि	01.04.2019
बैंक की वेबसाइट पर ऑनलाइन आवेदन पंजीकरण आरंभ होने की तिथि	09.04.2019
बैंक की वेबसाइट पर ऑनलाइन आवेदन पंजीकरण बंद होने की तिथि (दूर-दराज के क्षेत्रों के अभ्यर्थियों सहित सभी अभ्यर्थियों हेतु)	29.04.2019
आवेदन शुल्क का ऑनलाइन भुगतान	09.04.2019 - 29.04.2019 **(दोनों तिथियां शामिल हैं)**
ऑनलाइन परीक्षा हेतु बुलावा पत्र को डाउनलोड करना	**जून 2019 (संभावित)**
ऑनलाइन परीक्षा की संभावित तिथि (यदि आवश्यक हो)	जून 2019 (संभावित)

नोट: डाक/कूरियर/व्यक्तिगत/ई-मेल/किसी अन्य विधि से आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किए जाएंगे।

3. **रिक्तियों का पदवार और श्रेणीवार विवरण:**

पद कोड	पद	स्केल	अजा	अजजा	अपिव	ईडब्ल्यूएस	यूआर	कुल	वीआई	एसआई	ओसी	आईडी
01	सुरक्षा अधिकारी	कप्रग्रे स्केल-I	2	1	2	1	4	10	-	-	-	-
02	सिविल इंजीनियर	कप्रग्रे स्केल -I	-	-	1	-	3	4	-	-	-	-
03	प्रबंधक (अग्नि सुरक्षा)	मप्रग्रे स्केल-II	-	-	-	-	1	1	-	-	-	-
04	प्रबंधक (विधि)	मप्रग्रे स्केल-II	2	5*	4	1	3	15	-	-	1	-
05	कंपनी सचिव	मप्रग्रे स्केल-II	-	-	-	-	1	1	-	-	-	-
06	प्रबंधक (आईटी)	मप्रग्रे स्केल-II	-	-	-	-	2	2	-	-	-	-

	(नेटवर्क प्रबंधक)										
07	प्रबंधक (आईटी) (सुरक्षा प्रशासक)	मप्रग्रे स्केल-II	**-**	**-**	**-**	**-**	**2**	**2**	**-**	**-**	**-**	**-**
08	प्रबंधक (आईटी) (सिस्टम एडमिनिस्ट्रेटर)	मप्रग्रे स्केल-II	**-**	**-**	**-**	**-**	**2**	**2**	**-**	**-**	**-**	**-**
09	प्रबंधक (आईटी) (बिग डाटा एनालिटिक)	मप्रग्रे स्केल-II	**-**	**-**	**-**	**-**	**2**	**2**	**-**	**-**	**-**	**-**
10	वित्तीय विश्लेषक	मप्रग्रे स्केल-II	**12***	**8***	**17**	**6**	**8**	**51**	**-**	**1**	**1**	**-**
11	प्रबंधक (इक्विटी/ म्यूचुअल फंड डेस्क)	मप्रग्रे स्केल-II	**-**	**-**	**-**	**-**	**2**	**2**	**-**	**-**	**-**	**-**
			16*	**14***	**24**	**08**	**30**	**92**	**-**	**1**	**2**	**-**

* बैंकलॉग/न्यूनता सहित

संक्षिप्त रूप: अजा – अनुसूचित जाति, अजजा – अनुसूचित जनजाति, ईडब्ल्यूएस – आर्थिक रूप से पिछड़ा वर्ग, अपिव– अन्य पिछड़ा वर्ग– गैर क्रिमी लेयर श्रेणी, यूआर- अनारक्षित।

नोट:

- रिक्तियों की संख्या के साथ-साथ आरक्षित रिक्तियों की संख्या संभावित है और बैंक की वास्तविक आवश्यकता के अनुसार यह बदल सकती है।
- यह स्पष्ट किया जाता है कि विशिष्ट रूप से सक्षम अभ्यर्थियों को बैंक के समस्त कार्यालयों/शाखाओं में पदस्थ करना संभव नहीं हो सकता और उन्हें उनके लिए यथोचित बैंक द्वारा अभिनिर्धारित पदों पर कार्य करना होगा।
- आरक्षित अपिव श्रेणी से संबंधित और इसके अंतर्गत आवेदन करनेवाले अभ्यर्थियों को अपने "समुदाय" के संबंध में निर्धारित फार्मेट में प्रमाणपत्र देना अपेक्षित है अर्थात **"भारत सरकार के अंतर्गत पदों पर नियुक्ति हेतु आवेदन करने वाले अन्य पिछड़ा वर्गों द्वारा प्रस्तुत किए जाने वाले प्रमाणपत्र का फार्म"** (फार्मेट बैंक की वेबसाइट पर उपलब्ध है)। "गैर क्रिमी लेयर खंड" यथास्थिति साक्षात्कर की तिथि, यदि आवश्यक हो, तक वैध होगा **(साक्षात्कार की तिथि, यदि आवश्यक हो, से एक वर्ष पूर्व जारी होना चाहिए)।** उपर्युक्त प्रमाणपत्र प्रस्तुत न करने वाले अभ्यर्थियों पर अपिव श्रेणी के अंतर्गत विचार नहीं किया जाएगा।

4. वेतन एवं परिलब्धियां:

A. कप्रग्रे स्केल**-I:** वेतनमान: 23700-980 -30560-1145-32850-1310 - 42020

7 2 7

B. मप्रग्रे स्केल **II:** वेतनमान: 31705-1145-32850-1310-45950

1 10

मंहगाई भत्ता, एचआरए, सीसीए आदि का भुगतान पदस्थापना स्थल के आधार पर समय-समय पर लागू बैंक के नियमों के अनुसार किया जाएगा। मेडिकल, एलटीसी, परिभाषित अंशदायी सेवानिवृत्ति लाभ, ग्रेच्युटि आदि बैंक के प्रचलित नियमों के अनुसार स्वीकार्य होगी।

5. इलाहाबाद बैंक के सेवारत कर्मचारियों से आवेदन :

इलाहाबाद बैंक के कर्मचारी अपने आवेदन उचित माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं अथवा अन्य अभ्यर्थियों की तरह ऑनलाइन पद्धति के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। ऐसे अभ्यर्थी, यदि चयनित होते हैं, तो उन्हें अपने वर्तमान पद से त्यागपत्र देना अपेक्षित होगा और वे बैंक की सेवा में नए सिरे से कार्यभार ग्रहण करेंगे।

6. पात्रता मानदंड:

कृपया नोट करें कि यहां विनिर्दिष्ट पात्रता मानदंड पद हेतु आवेदन करने के बुनियादी मानदंड हैं। अभ्यथियों को श्रेणी, राष्ट्रीयता, आयु, शैक्षिक अर्हता आदि से संबंधित संगत दस्तावेज ऑनलाइन आवेदन में यथाइंगित उनकी पहचान और पात्रता के समर्थन में मूल रूप में उनकी फोटो प्रति सहित प्रस्तुत करना आवश्यक होगा। कृपया नोट करें कि ऑनलाइन आवेदन के पंजीकरण के बाद किसी भी स्तर पर श्रेणी में परिवर्तन की अनुमति नहीं होगी और इस संबंध में भारत सरकार के दिशानिर्देशों के अध्यधीन ऑनलाइन आवेदन में उल्लिखित श्रेणी पर विचार करते हुए परिणाम निर्धारित किया जाएगा। तथापि, पदों हेतु चयन प्रक्रिया में किसी भी स्तर पर मात्र आवेदन करने और/परीक्षा में उपस्थित होने और/अथवा अर्हक होने से यह अर्थ नहीं निकलता है कि अभ्यर्थी रोजगार हेतु अनिवार्य रूप से पात्र होगा/ बैंक में नियुक्ति हेतु उन्हें कोई अधिकार प्राप्त होगा। जिस अभ्यर्थी ने श्रेणी के अंतर्गत आवेदन किया है उससे इतर उसकी अभ्यर्थिता के अनुरोध पर विचार नहीं किया जाएगा।

(क) **राष्ट्रीयता / नागरिकता** : अभ्यर्थी या तो (i) भारत का नागरिक हो अथवा (ii) नेपाल का नागरिक हो अथवा (iii) भूटान का नागरिक हो अथवा (iv) तिब्बती शरणार्थी हो जो भारत में स्थायी रूप से बसने के इरादे से 1 जनवरी, 1962 से पहले भारत में आए हों अथवा (v) भारतीय मूल का व्यक्ति जो पाकिस्तान, बर्मा, श्रीलंका, केन्या, युगांडा, युनाइटेड रिपब्लिक ऑफ तंजानिया (पहले तंजानिका और जंजीबार), जांबिया, मालावी, जायरे, इथोपिया और वियतनाम से भारत से स्थायी रूप से बसने के लिए आया हो बशर्ते उपर्युक्त श्रेणियों (ii), (iii), (iv) एवं (v) से संबंधित अभ्यर्थी के पक्ष में भारत सरकार द्वारा पात्रता प्रमाणपत्र जारी किया गया हो। जिस अभ्यर्थी के मामले में पात्रता प्रमाणपत्र प्रस्तुत किया जाना अपेक्षित है, उसे बैंक द्वारा संचालित परीक्षा/साक्षात्कार में उपस्थित होने की अनुमति दी जा सकती है किंतु अंतिम चयन हेतु नियुक्ति प्रस्ताव भारत सरकार द्वारा उसे विधिवत रूप से जारी पात्रता प्रमाणपत्र प्रस्तुत करने के बाद दिया जाएगा ।

(ख) आयु, न्यूनतम शैक्षिक अर्हता एवं अनुभव **(यथास्थिति 01.04.2019)**

पद कोड	पद का नाम और ग्रेड	आयु	अर्हता	कार्य अनुभव
01.	सुरक्षा अधिकारी (कप्रगे स्केल-I)	न्यूनतम-20 वर्ष, अधिकतम-35 वर्ष	किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय से किसी भी विषय में स्नातक	भारतीय सेना/ नौ सेना/ वायु सेना में जूनियर कमीशंड ऑफिसर के रूप में **न्यूनतम** 5 वर्ष अथवा इंस्पेक्टर के पद पर पुलिस अधिकारी के रूप में 5 वर्ष अथवा समान रैंक में न्यूनतम 5 वर्षों की सेवावाले अर्ध सैनिक बल।
02.	सिविल इंजीनियर (कप्रग्रे स्केल-I)	न्यूनतम -20 वर्ष, अधिकतम- 35 वर्ष	किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय से सिविल इंजीनियरिंग में 4 वर्षों का बी.ई./ बी.टेक	शून्य
03.	प्रबंधक (अग्नि सुरक्षा) (मप्रग्रे स्केल-II)	न्यूनतम-21 वर्ष, अधिकतम- 35 वर्ष	मान्यता प्राप्त संस्थान से बी.ई. (फायर)/ बी.टेक. (सुरक्षा एवं फायर इजीनियरिंग)	ऊँची इमारतों की अग्नि सुरक्षा सहित अग्नि सुरक्षा में न्यूनतम 3 वर्ष
04.	प्रबंधक(विधि) (मप्रग्रे स्केल-II)	न्यूनतम-20, अधिकतम- 35 वर्ष	विधि में स्नातक डिग्री (एलएलबी)	बार कांउसिल में वकील के रूप में नामांकित और बार अथवा न्यायिक सेवा में न्यूनतम 3 वर्षों का अनुभव/

				अथवा अनुसूचित वाणिज्यिक बैंक अथवा केन्द्र/राज्य सरकार अथवा सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रम के विधिक विभाग में विधि अधिकारी के रूप में न्यूनतम 2 वर्ष और अभ्यर्थी को न्यायालय/बार काउंसिल/संगठन से अपेक्षित अर्हता पश्चात कार्य अनुभव प्रमाणपत्र प्रस्तुत करना चाहिए।
05.	कंपनी सचिव (मप्रग्रे स्केल-II)	न्यूनतम-21 वर्ष, अधिकतम- 35 वर्ष	भारतीय कंपनी सचिव संस्थान से एसीएस के साथ मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से डिग्री	संबंधित क्षेत्र में अर्हता पश्चात न्यूनतम 2 वर्षों का अनुभव
06.	प्रबंधक (आईटी) (नेटवर्क प्रबंधक) (मप्रग्रे स्केल-II)	न्यूनतम-20 वर्ष, अधिकम- 35 वर्ष	कंप्यूटर साइंस/ कंप्यूटर एप्लिकेशन/ इन्फारमेशन टेक्नॉलोजी/ इलेक्ट्रानिक्स/ इलेक्ट्रानिक्स और टेलीकम्यूनिकेशन्स/ इलेक्ट्रानिक्स और कम्यूनिकेशन/ इलेक्ट्रानिक्स और इंस्ट्रुमेंटेशन में 4 वर्षों की इंजीनियरिंग डिग्री। अथवा इलेक्ट्रानिक्स/ इलेक्ट्रानिक्स और टेलीकम्यूनिकेशन्स/ इलेक्ट्रानिक्स और कम्यूनिकेशन/ इलेक्ट्रानिक्स और इंस्ट्रुमेंटेशन / कंप्यूटर साइंस/ सूचना प्रौद्योगिकी/ कंप्यूटर एप्लिकेशन में स्नातकोत्तर डिग्री अथवा DOEACC 'B' स्तर उत्तीर्ण स्नातक **OR** <u>अतिरिक्त अर्हता</u>- सीआईएससीओ प्रमाणित नेटवर्क प्रोफेशनल/ एसोसिएट्स (स्विचिंग और रूटिंग)	नेटवर्क ट्रबलशूटिंग, नेटवर्क प्रोटोकॉल, राउटर्स, नेटवर्क एडमिनिस्ट्रेशन में न्यूनतम 2 वर्षों का अनुभव
07.	प्रबंधक (आईटी) (सुरक्षा प्रशासक) (मप्रग्रे स्केल-II)	न्यूनतम-20 वर्ष, अधिकतम- 35 वर्ष	कंप्यूटर साइंस/ कंप्यूटर एप्लिकेशन/ सूचना प्रौद्योगिकी/ इलेक्ट्रानिक्स/ इलेक्ट्रानिक्स और टेलीकम्यूनिकेशन्स/ इलेक्ट्रानिक्स और कम्यूनिकेशन्स/ इलेक्ट्रानिक्स और इंस्ट्रूमेंटेशन में 4 वर्षों की इंजीनियरिंग डिग्री। **अथवा** इलेक्ट्रानिक्स/इलेक्ट्रानिक्स और टेलिकम्यूनिकेशन्स/ इलेक्ट्रानिक्स और कम्यूनिकेशन्स/ इलेक्ट्रानिक्स और इंस्ट्रूमेंटेशन/ कंप्यूटर साइंस/ सूचना प्रौद्योगिकी/ कंप्यूटर एप्लिकेशन में स्नातोत्तर डिग्री। DOEACC 'B' स्तर उत्तीर्ण स्नातक	विभिन्न सुरक्षा संबधी भूमिकाओं यथा फायरवेल मैंनेजमेंट, आईपीएस मैनेजमेंट, एसआईईएम प्रशासन, एंटिवायरस प्रबंधन के संचालन में बीएफएसआई क्षेत्र में न्यूनतम 2 वर्षों का अनुभव।

			<u>अतिरिक्त अर्हता</u>- सीआईएसए/सीआईएसएसपी/ सीआईएसएम प्रमाणन, सीईएच में प्रमाणन (सर्टिफाइड इथिकल हैकर), ओएससीपी (ऑफेंसिव सेक्यूरिटी सर्टिफाइड प्रोफेशनल) वांछनीय है	
08.	प्रबंधक (आईटी) (सिस्टम एडमिनिस्ट्रेटर) (मप्रग्रे स्केल-II)	न्यूनतम-20 वर्ष, अधिकतम- 35 वर्ष	कंप्यूटर साइंस/ कंप्यूटर एप्लिकेशन/ सूचना प्रौद्योगिकी/ इलेक्ट्रानिक्स/ इलेक्ट्रानिक्स और टेलीकम्यूनिकेशन्स/ इलेक्ट्रानिक्स और कम्यूनिकेशन्स/ इलेक्ट्रानिक्स और इंस्ट्रूमेंटेशन में 4 वर्षों की इंजीनियरिंग डिग्री। **अथवा** इलेक्ट्रानिक्स/इलेक्ट्रानिक्स और टेलिकम्यूनिकेशन्स/ इलेक्ट्रानिक्स और कम्यूनिकेशन्स/ इलेक्ट्रानिक्स और इंस्ट्रूमेंटेशन/ कंप्यूटर साइंस/ सूचना प्रौद्योगिकी/ कंप्यूटर एप्लिकेशन में स्नातोत्तर डिग्री। **अथवा** **DOEACC 'B'** स्तर उत्तीर्ण स्नातक। **<u>अतिरिक्त अर्हता</u>**- माइक्रोसाफ्ट सर्टिफाइड सिस्टम एडमिनिस्ट्रेटर, ऐसोसिएट लेवल सर्टिफिकेशन इन सिस्टम एडमिनिस्ट्रेशन	ऑपरेटिंग सिस्टम अर्थात विंडोज, लिनक्स, यूनिक्स, AiX आदि के रखरखाव और प्रशासन में न्यूनतम 2 वर्षों का अनुभव
09.	प्रबंधक(आईटी) (बिग डाटा एनालिटिक्स) (मप्रग्रे स्केल-II)	न्यूनतम-20 वर्ष, अधिकतम- 35 वर्ष	कंप्यूटर साइंस/ कंप्यूटर एप्लिकेशन/ सूचना प्रौद्योगिकी /इलेक्ट्रानिक्स/ इलेक्ट्रानिक्स और टेलीकम्यूनिकेशन्स/ इलेक्ट्रानिक्स और कम्यूनिकेशन्स/ इलेक्ट्रानिक्स और इंस्ट्रूमेशन में 4 वर्षों की इंजीनियरिंग डिग्री। **अथवा** इलेक्ट्रानिक्स/ इलेक्ट्रानिक्स और टेलिकम्यूनिकेशन्स/ इलेक्ट्रानिक्स और कम्यूनिकेशन्स/ इलेक्ट्रानिक्स और इंस्ट्रूमेंटेशन/ कंप्यूटर साइंस/ सूचना प्रौद्योगिकी/ कंप्यूटर एप्लिकेशन में स्नातोत्तर डिग्री। **DOEACC 'B'** स्तर उत्तीर्ण स्नातक। <u>अतिरिक्त अर्हता</u>- हबग डाटा एनालेटिक्स/सीआरएम साल्यूशन में सर्टिफिकेशन	डेटा आरक्षित सूचना का विश्लेषण, डेटा उन्मुख रणनीतियों के कार्यान्यिवन के संबंध में पूर्ण जानकारी प्राप्त करने और बिग डेटा/ एनालिटिक/ सीआरएम साल्यूशन में न्यूनतम 2 वर्षों का अनुभव
10.	वित्तीय विश्लेषक (मप्रग्रे स्केल – II)	न्यूनतम–20 वर्ष अधिकतम– 35 वर्ष	स्नातक तथा सीएफ़ए /आईसीडब्ल्यूए/ पूर्णकालिक एमबीए (वित्त)/ पूर्णकालिक पीजीडीबीएम (वित्त)*	किसी भी अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों में बृहद/मध्यम औद्योगिक परियोजनाओं के ऋण मूल्यांकन क्षेत्र में न्यूनतम 2 वर्ष। **
11.	प्रबंधक (इक्विटी/म्यूचुअल	न्यूनतम–24 वर्ष	पूर्णकालिक एमबीए (वित्त)/ सनदी लेखाकर/ लागत एवं प्रबंधन लेखा*	बैंक/वित्तीय संस्था/बीमा कंपनी/ म्यूचुअल फंड अथवा प्रतिष्ठित

	फ़ंड डेस्क)	अधिकतम– 35 वर्ष		ब्रोकरेज हाउस में इक्विटी ट्रेडर/ डीलर के रूप में न्यूनतम 3 वर्ष

*दोहरी विषेषज्ञता के मामले में, विशेषज्ञता का कोई एक क्षेत्र निर्धारित क्षेत्र में होना चाहिए। मुख्य गौण विशेषज्ञता के/ मामले में, मुख्य विशेषज्ञता यथानिर्धारित स्ट्रीम में होनी चाहिए। जिस अभ्यर्थी के पास दो से अधिक विशेषज्ञताओं में पीजी डिग्री पीजी डिप्लोमा है /(एमएमएस अथवा एमबीए), वे आवेदन के लिए पात्र नहीं हैं।

** अभ्यर्थियों को बृहद प्रस्तावों के संचालन के संबंध में स्व वचनपत्र के साथ-साथ संगठन के/ प्रधान कार्यालय/ कार्पोरेट कार्यालय द्वारा जारी अनुभव प्रमाणपत्र प्रस्तुत करना अपेक्षित है।

विशेष – सुरक्षा अधिकारी (कप्रगे, स्केल-I) से इतर पदों हेतु अनुभव पर अर्हता पश्चात अनुभव के रूप में विचार किया जाएगा।

नोट :

1. आयु, शैक्षणिक अर्हता तथा कार्य अनुभव के संबंध में पात्रता निर्धारण की अंतिम तिथि **01.04.2019** है। परीक्षा उत्तीर्ण की तिथि जिसकी गणना पात्रता के लिए की जानी है, वह अंक पत्र अथवा अंतरिम प्रमाणपत्र पर उल्लिखित तिथि होगी।

2. **समस्त उल्लिखित अर्हताएं भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्तसरकारी नियामक निकायों द्वारा अनुमोदित / 01.04.2019 बोर्ड से होनी चाहिए और अंतिम परिणाम/संस्था /विश्वविद्यालय को या उससे पहले घोषित होना चाहिए।** पदों के लिए निर्धारित शैक्षिक अर्हताएं पात्रता हेतु न्यूनतम अपेक्षाएं हैं।

   साक्षात्कार के समय बोर्ड/विश्वविद्यालय से **01.04.2019** तक या उससे पहले घोषित हो चुके परिणाम से संबंधित समुचित दस्तावेज़ प्रस्तुत किए जाने हैं। पात्रता परीक्षा उत्तीर्ण होने की तिथि विश्वविद्यालय/संस्थान द्वारा जारी अंतरिम प्रमाणपत्र पर उल्लिखित तिथि होगी। यदि किसी परीक्षा विशेष का परिणाम किसी विश्वविद्यालय/संस्था के वेबसाइट पर पोस्ट किया गया है और वेब आधारित प्रमाणपत्र जारी किया गया है तो विश्वविद्यालय/ संस्था के सक्षम प्राधिकारी द्वारा हस्ताक्षरित तथा जारी समुचित **मूल** दस्तावेज़/प्रमाणपत्र जिसपर उत्तीर्ण होने तिथि स्पष्ट रूप से उल्लिखित हो, को सत्यापन तथा आगे की प्रक्रिया हेतु मान्य माना जाएगा।

3. अभ्यर्थी यह सुनिश्चित करें कि उनके द्वारा प्राप्त शैक्षिक अर्हता विज्ञापन में उल्लिखित निर्धारित शैक्षिक अर्हता के अनुरूप हो और वे उपरोक्त पात्रता मानदंड को पूरा करते हों। किसी भी समतुल्य शैक्षित अर्हता को बैंक द्वारा पात्र के रूप में विचार नहीं किया जाएगा।
4. पद के लिए आवेदन करने से पहले अभ्यर्थी यह सुनिश्चित करें कि वह इस अधिसूचना में विनिर्दिष्ट दस्तावेज रखने के साथ-साथ पात्रता मानदंडों और अन्य मानदंडों को पूरा करते हों।
5. **अभ्यर्थी केवल एक पद के लिए आवेदन कर सकते हैं। बहुविध आवेदनों को सरसरी तौर पर अस्वीकृत कर दिया जाएगा।**

:उच्च आयु सीमा में छूट (ग)

क्रमांक	**श्रेणी**	**आयु में रियायत**
1.	अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति	5 वर्ष
2.	अन्य पिछड़ा वर्ग	3 वर्ष
3.	विशिष्ट रूप से सक्षम व्यक्तियों के लिए	10 वर्ष
4.	भूतपूर्व सैनिक, इमरजेंसी कमीशन्ड अधिकारी(ईसीओ) /शार्ट सर्विस कमीशन्ड अधिकारी (एसएससीओ) सहित कमीशन्ड अधिकारी जिन्होंने कम से कम 5 वर्ष सेना में सेवा की है और समनुदेशन (उन अभ्यर्थियों सहित जिनका समनुदेशन आवेदन प्राप्ति की अंतिम तिथि के 1 वर्ष के भीतर पूरा होना है) पूरा	5 वर्ष

	करने के पश्चात सेवामुक्त हुए हैं उनसे इतर जो कदाचार या अदक्षता या सैन्य सेवा के लिए शारीरिक रूप में अक्षम या अमान्य होने के कारण पदच्युत या पदमुक्त कर दिये गए हैं।	
5.	व्यक्ति जो: 1.01.80 से 31.12.89 की अवधि के दौरान जम्मू एवं कश्मीर के समान्य निवासी रहे हैं।	5 वर्ष
6.	1984 के दंगों से प्रभावित व्यक्ति	5 वर्ष

<u>नोट:</u>

(i) अजा/अजजा/अपिव अभ्यर्थियों को उच्च आयु सीमा में रियायत संचयी आधार पर अनुमत की जाती है जिसमें ऊपर उल्लिखित बिन्दु संख्या 6 (सी) (3) से 6 (सी) (6) के अनुसार शेष श्रेणियों में से केवल एक श्रेणी के लिए ही आयु सीमा में रियायत की अनुमति है। तथापि, यह अधिकतम 50 वर्ष की आयु सीमा के अध्यधीन है। अभ्यर्थी जो सम्पन्न वर्ग (क्रीमी लेयर) में आते हैं, अ.पि.व आरक्षण सुविधा के हकदार नहीं हैं।

(ii) उपर्युक्त 6 (बी) में विनिर्दिष्ट की गयी उच्चतम आयु सीमा सामान्य वर्ग के अभ्यर्थियों के लिए प्रयोज्य है।

(iii) आयु में रियायत चाहनेवाले अभ्यर्थियों से यह अपेक्षित होगा कि वे साक्षात्कार तथा बाद में भर्ती प्रक्रिया के दौरान किसी भी समय बैंक की अपेक्षानुसार आवश्यक मूल प्रमाणपत्र /प्रमाणपत्रों की प्रतियाँ प्रस्तुत करें।

(iv) भूतपूर्व सैनिक जिसने एक बार सिविल क्षेत्र में भूतपूर्व सैनिक के रूप में दी गयी सुविधा का लाभ उठाते हुए सरकारी नौकरी प्राप्त कर ली है, उन्हें पुनः रोजगार हेतु उसके/उसकी भूतपूर्व सैनिक स्थिति को सरकारी नौकरियों में पुनः रोजगार प्राप्त करने के प्रयोजन हेतु उनका भूतपूर्व सैनिक का दर्जा समाप्त माना जाएगा।

(v) अधिकारी संवर्ग में भूतपूर्व सैनिकों के लिए कोई आरक्षण नहीं है।

<u>7. समस्त पदों हेतु परिवीक्षाधीन अवधि (पद कोड 01 से 11 तक):</u>

कप्रग्रे स्केल-I में कार्यभार ग्रहण करनेवाले अभ्यर्थी आरंभ में बैंक में कार्यभार ग्रहण करने की तिथि से दो (02) वर्षों तथा कप्रग्रे स्केल-II में कार्यभार ग्रहण करनेवाले अभ्यर्थी एक (01) वर्ष तक परिवीक्षाधीन अवधि में रहेंगे, जिसे बैंक के विवेकाधिकार से बढ़ाया जा सकता है। सेवा नियम की शर्तों में लागू बैंक द्वारा अपेक्षित मानकों यथा कार्य, आचरण, सामान्य योग्यता को बैंक की अपेक्षानुसार पाए जाने पर ही बैंक स्थापना में स्थायीकरण पर विचार किया जाएगा। बैंक की सेवा में स्थायीकरण सम्मानित रेफरी के संतोषजनक संदर्भों, पूर्ववृत के पुलिस सत्यापन, जाति/समुदाय का सत्यापन एवं अन्य के अनुपालनों के अध्यधीन है।

<u>8. न्यूनतम तीन वर्ष की अवधि हेतु बैंक में सेवा प्रदान करने हेतु वित्तीय सह श्योरिटी बॉण्ड</u>:

ग्रेड / स्केल	बॉण्ड राशि	बॉण्ड क अवधि
कप्रग्रे स्केल- I	**रुपये 1 लाख**	**3 वर्ष**
मप्रग्रे स्केल- II	**रुपये 2 लाख**	**3 वर्ष**

बैंक में नियुक्ति हेतु चयनित अभ्यर्थी से यह अपेक्षित होगा कि वह उनका चयन होने पर बैंक में कार्यभार ग्रहण करने से पूर्व बैंक में कार्यभार ग्रहण करने की तिथि से न्यूनतम तीन वर्षों की सेवा प्रदान करने हेतु निर्धारित प्रोफार्मा में बैंक को स्वीकार्य यथोक्त “वित्तीय सह श्योरिटी बॉण्ड” प्रस्तुत करे और निर्दिष्ट अवधि की समाप्ति से पूर्व उनके त्यागपत्र/सेवा समाप्ति की स्थिति में वह/श्योरिटी बैंक को बांड की उक्त राशि ब्याज सहित अदा करने के लिए उत्तरदायी होंगे।

9. चयन प्रक्रिया:

सभी पात्र अभ्यर्थियों को आवेदन के पंजीकरण की अंतिम तिथि के अंदर ऑनलाइन आवेदन करना चाहिए। पात्र अभ्यर्थियों की चयन प्रक्रिया पर निम्नानुसार विचार किया जाएगा:

पद कोड	चयन प्रक्रिया
समस्त पद (01 से 11)	**ऑनलाइन परीक्षा एवं साक्षात्कार**

नोट: बैंक के विवेकानुसार प्रत्येक पद के सापेक्ष प्राप्त आवेदन पत्रों की संख्या के अनुसार चयन प्रक्रिया में परिवर्तन हो सकता है। मात्र पात्रता मानदंड पूर्ण करने से कोई अभ्यर्थी ऑनलाइन **परीक्षा/साक्षात्कार** हेतु बुलाए जाने का हकदार नहीं है। बैंक का यह अधिकार सुरक्षित है कि वह अर्हता, कार्य अनुभव, आयु या अन्य उपयुक्त मानदंडों के आधार पर साक्षात्कार हेतु विचार करने के लिए अभ्यर्थियों को शॉर्टलिस्ट करे। बैंक को यह अधिकार सुरक्षित है कि वह इस विज्ञापन में उल्लिखित पात्रता मानदंडों और/या किसी अन्य नियम एवं शर्तों में संशोधन, आशोधन या परिवर्तन कर सकता है जिसमें उत्तीर्ण करने हेतु मानदंड/ चयन हेतु पद्धति और प्रक्रिया भी शामिल है।

(क) **ऑनलाइन परीक्षा:** परीक्षा ऑनलाइन आयोजित की जाएगी।

पद कोड 01, 03 और 04 हेतु ऑनलाइन परीक्षा की संरचना निम्नानुसार है:

क्र.सं.	परीक्षा का नाम	प्रश्नों की संख्या	अधिकतम अंक	परीक्षा का माध्यम	अवधि
1	तर्कशक्ति	50	50	अंग्रेजी और हिंदी	2 घंटा
2	अंग्रेजी भाषा	50	25	अंग्रेजी और हिंदी	
3	बैंकिंग उद्योग के विशिष्ट संदर्भ सहित सामान्य ज्ञान	50	50	अंग्रेजी और हिंदी	
4	व्यावसायिक ज्ञान	60	60	अंग्रेजी और हिंदी	45 मिनट
5	कुल	210	185		

पद कोड 02,05,06,07,08,09,10,11 हेतु ऑनलाइन परीक्षा की संरचना निम्नानुसार है:

क्र.सं.	परीक्षा का नाम	प्रश्नों की संख्या	अधिकतम अंक	परीक्षा का माध्यम	अवधि
1	तर्कशक्ति	50	50	अंग्रेजी और हिंदी	2 घंटा
2	अंग्रेजी भाषा	50	25	अंग्रेजी और हिंदी	
3	संख्यात्मक योग्यता	50	50	अंग्रेजी और हिंदी	
4	व्यावसायिक ज्ञान	60	60	अंग्रेजी और हिंदी	45 मिनट
5	कुल	210	185		

सभी प्रतिस्पर्धी अभ्यर्थियों के प्रदर्शन के आधार पर मेरिट रैंकिंग हेतु ऑनलाइन परीक्षा के प्रत्येक भाग में न्यूनतम अर्हता अंक बैंक द्वारा निर्धारित किया जाएगा जो प्रत्येक भाग को मिलाकर एक साथ न्यूनतम अपेक्षित स्तर का होगा।

(ख) गलत उत्तरों हेतु अंक में कटौती:

वस्तुनिष्ठ परीक्षा में गलत उत्तर चिह्नित किए जाने पर अंक काटे जाएंगे। अभ्यर्थी द्वारा प्रत्येक प्रश्न का गलत उत्तर दिए जाने पर उस प्रश्न हेतु निर्धारित अंक का एक चौथाई दंड स्वरूप काट लिया जाएगा जिससे सटीक प्राप्तांक की गणना की जा सके। यदि किसी प्रश्न को रिक्त छोड़ दिया जाता है, अर्थात अभ्यर्थी कोई उत्तर चिह्नित नहीं करता है तो उस प्रश्न के लिए दंड स्वरूप अंक नहीं काटा जाएगा।

(ग) **साक्षात्कार**:

ऑनलाइन परीक्षा में शॉर्टलिस्ट किए गए अभ्यर्थियों को बाद में बैंक द्वारा आयोजित किए जानेवाले साक्षात्कार हेतु बुलाया जाएगा। साक्षात्कार चयनित केन्द्रों पर आयोजित किया जाएगा। केन्द्र, स्थान का पता, समय और साक्षात्कार तिथि शॉर्टलिस्ट किए गए अभ्यर्थियों को बुलावा पत्र में सूचित की जाएगी। अभ्यर्थियों से अपेक्षित है कि वे साक्षात्कार बुलावा पत्रों को बैंक की वेबसाइट से डाउनलोड करें। कृपया नोट करें कि साक्षात्कार हेतु तिथि, केन्द्र आदि में परिवर्तन से संबंधित किसी अनुरोध पर विचार नहीं किया जाएगा। तथापि बैंक को यह अधिकार है कि वह किसी अप्रत्याशित परिस्थिति में साक्षात्कार की तिथि/स्थान/समय/केंद्र आदि को परिवर्तित कर सकता है या अपने विवेकानुसार अभ्यर्थियों हेतु किसी विशेष तिथि/सत्र/स्थान/केंद्र/ अनुपूरक प्रक्रिया का आयोजन कर सकता है।

अभ्यर्थियों को साक्षात्कार में न्यूनतम उत्तीर्ण अंकों को प्राप्त करना होगा। साक्षात्कार में न्यूनतम उत्तीर्ण अंक 40% (अजा/अजजा/ओबीसी/विशिष्ट रुप से सक्षम अभ्यर्थियों हेतु 35%) होगा। ऑनलाइन परीक्षा एवं साक्षात्कार के अंकों का वेटेज (अनुपात) क्रमश: 80:20 होगा। कट-ऑफ अंकों में परिवर्तन करने का बैंक का अधिकार सुरक्षित है।

(घ) अंतिम चयन :

अंतिम चयन अभ्यर्थियों द्वारा ऑनलाइन परीक्षा एवं साक्षात्कार में प्राप्त सकल अंकों के आधार पर किया जाएगा जो पूर्णरूप से मेरिट के अनुसार होगा ।

10. आवेदकों को यह पुनः सूचित किया जाता है कि वे बैंक की वेबसाइट www.allahabadbank.in. के माध्यम से चयन प्रक्रिया से संबंधित पत्राचार / अलर्ट से अपने आपको नियमित रूप से अद्यतन रखें। उपरोक्त विज्ञापन बैंक की बेवसाइट www.allahabadbank.in. पर भी उपलब्ध है। जिन अभ्यर्थियों ने आवेदन किया है, उनसे अनुरोध है कि वे अद्यतन जानकारी (ऑनलाइन परीक्षा/साक्षात्कार/ परिणाम आदि के तिथि(यों)/सहित) हेतु बैंक की वेबसाइट पर “Recruitment link under Career Section” को देखें।

11. अस्वीकरण : यदि चयन प्रक्रिया के किसी भी चरण में यह पाया जाता है कि अभ्यर्थी द्वारा असत्य जानकारी दी गई है एवं / या प्रक्रिया का उल्लंघन किया गया है तो अभ्यर्थी को चयन प्रक्रिया से अयोग्य ठहराया जाएगा एवं ऐसे अभ्यर्थियों को भविष्य में बैंक की किसी भी भर्ती प्रक्रिया में भाग लेने की अनुमति नहीं दी जाएगी। यदि ऐसे मामलों का पता वर्तमान चयन प्रक्रिया के दौरान नहीं चलता हैं परंतु बाद में पता चलता हैं तो अयोग्यता भूतलक्षी प्रभाव से लागू होगी।

स्थान : कोलकाता
दिनांक: 06.04.2018

महाप्रबंधक(मासं)